कार्यालय, अधिष्ठाता
शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म. प्र.)

Website :- www.governmentmedicalcollegechhindwara.com, **E-Mail :-** deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com

No..150..../Dean./GMCC/ 2018/ Dated: - 24/09/2018

—:नोटिस:—

Walk- In - Interview

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों के लिये पूर्व से निर्धारित चयन प्रक्रिया के आधार पर साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा हैं। इच्छुक आवेदक अपनी उपस्थिति नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में दिनांक 01/10/2018 को अपने समस्त अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की मुल प्रति तथा अभिप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ सुबह 9 बजे अधिष्ठाता कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य हैं ।

	सीनियर रेसीडेंट				जूनियर रेसीडेंट			
	UR	SC	ST	OBC	UR	SC	ST	OBC
मेडिसन	1				2 (1F)		1	1
पीडियाट्रिक्स	1							
टी बी एण्ड चेस्ट	1		1		1		1	
स्किन व्हीं डी एण्ड लेप्रोसी	1		1					
मनोरोग	1		1				1	
सर्जरी			1		4(1F)	1	2	1
आर्थोपेडिक्स	1	1	1		1			
ई एन टी					1			
अप्थेल्मोलॉजी			1					
स्त्री एवं प्रसूति रोग					2			
एनेस्थिसिया	2		1		2		1	
रेडियोडायग्नोसिस	2		1					
कुल रिक्त पद	**10**	**1**	**8**		**13 (2F)**	**1**	**6**	**2**

- उपरोक्त चिन्हित पदों में SC = अनुसूचित जाति, ST = अनुसूचित जनजाति, OBC = अन्य पिछडा वर्ग F से चिन्हित पद महिला उम्मीदवार हेतु आरक्षित है।
- पदों की संख्या अधिक/कम की जा सकती है ।

नियम एवं शर्तें सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट हेतु :—

1. सिर्फ (Bonded Candidates) बचनबद्ध उम्मीदवारों हेतु म0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के आदेश क्रमांक एफ 4—7/2010/1/55 भोपाल दिनांक 25.08.2010 के तहत राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है, कि जिन स्नातक/स्नातकोत्तर छात्रों का चयन विभाग के अधीन— शासकीय स्वशासी दंत/चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक/सीनियर रेसीडेंट/जूनियर रेसीडेंट/प्रदर्शक के पद पर हो जाता है, उन्हे ग्रामीण सेवा के बाण्ड/अधिसूचित क्षेत्र में से इस शर्त के साथ मुक्त किया जाए कि वे बाण्ड अवधि के बराबर अवधि तक उक्त महाविद्यालयों में सेवा करेंगें। उक्त अवधि के पूर्व सेवा छोड़ने के स्थिति से ग्रामीण/अधिसूचित क्षेत्रों मे सेवा हेतु किये

Scanned by CamScanner

गये बाण्ड की शर्ते लागू हो जायेंगी और उन्हे निर्धारित अवधि तक ग्रामीण सेवा करनी होगी। इस हेतु चयनित उम्मीदवार को 10/— रूपये के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर संलग्न अंडरटेकिंग प्रारूप निष्पादित कर नोटरी द्वारा सत्यापित किया जाना अनिवार्य होगा।

2. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट की(Tenure) 3 वर्ष की अवधि होगी। इनकी प्रथमतः 1 वर्ष हेतु नियुक्ति की जायेगी। तत्पश्चात् सेवाएं संतोषजनक पाये जाने पर 1 वर्ष हेतु समय बढ़ाया जा सकेगा।
3. यह नियुक्ति प्रथमतः 1 वर्ष के लिये होगी और उनका कार्य संतोषजनक पाये जाने पर एवं विभागाध्यक्ष द्वारा संतोषजनक कार्य की रिपोर्ट आने पर फिर 12 माह के लिये कार्यकाल बढ़ाया जायेगा। प्रत्येक 1 वर्ष हेतु अगर किसी विभागाध्यक्ष द्वारा प्रतिकूल टिप्पणी प्राप्त होती है तो उस हालत में रेसीडेंट की नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का अधिकार अधिष्ठाता को होगा जिन चिकित्सकों की नियुक्ति इस प्रकार से समाप्त हो जाती है। उन्हे दोबारा आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी।
4. इन चिकित्सकों को 01 वर्ष में 13 दिन के अकास्मिक अवकाश की पात्रता होगी। साथ ही उन्हे सप्ताह में एक दिन का सप्ताहिक अवकाश की पात्रता होगी। सप्ताहिक अवकाश संचित नहीं किया जा सकेगा।
5. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट की नियुक्ति में आरक्षण का पूर्णरूपेण पालन किया गया हैं
6. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट को निजी प्रेक्टिस की पात्रता नहीं होगी।
7. कार्य ग्रहण करने के पूर्व संस्था द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर स्वंय के व्यय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा एवं परीक्षण संबंधी उपयुक्ता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के उपरांत चयनित उम्मीदवार को एक दिवस के अंदर अपना कार्यभार ग्रहण करना होगा अन्यथा नियुक्ति आदेश स्वयमेव निरस्त समझा जावेगा।
9. सीनियर एवं जूनियर रेसीडेंट को चिकित्सालय में आवश्यकता पड़ने पर आकस्मिक चिकित्सा सेवाये (सी0एम0ओ0 ड्यूटी) ली जावेगी।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
छिन्दवाड़ा(म.प्र.)

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

पृ0क्र............................/स्था/राज/18 दिनांक / /2018

<u>प्रतिलिपि :— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>

1. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग म0प्र0 भोपाल।
2. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा म0प्र0 भोपाल।
3. आयुक्त, जबलपुर संभाग, जबलपुर की ओर।
4. संचालक, चिकित्सा शिक्षा भोपाल म0प्र0।
5. स्थानीय लेखा शाखा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय छिंदवाड़ा की ओर।
6. चयनित प्रत्याशी की ओर पालानार्थ।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
छिन्दवाड़ा(म.प्र.)

Scanned by CamScanner